>

Title: Need to conduct special recruitment drive to clear the backlog vacancies of SCs/STs in Ministries, Banks and other Institutions of the country.

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार रखने और सरकार का ध्यान आकर्षित करने का अवसर दिया। आज़ादी के बाद और संविधान लागू होने के बाद से अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए केन्द्र सरकार की सेवाओं में आरक्षण लागू है। मंत्रालयों तथा केन्द्र सरकार के कार्यालयों के अतिरिक्त सभी पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंग्ज़ के सभी संस्थानों और बैंकों में इस वर्ग के लोगों के लिए आरक्षण लागू है। लेकिन बड़े खेद का विषय है कि आज़ादी के बाद से निरंतर यह प्रावधान लागू होने के बावजूद आरक्षण का कोटा पूरा नहीं हो सका है। इस कमी को पूरा करने के लिए, एकत्रित रिक्तियों का बैकलॉग पूरा करने के लिए विशेष भर्ती अभियान की व्यवस्था है। मैं आपको अवगत कराना चाहूँगा कि सबसे पहले यह व्यवस्था रेल मंत्रालय में आदरणीय बाबू जगजीवन राम जी के द्वारा लागू की गई थी। इस कमी को पूरा करने के लिए विशेष भर्ती अभियान की आवश्यकता है। बड़े खेद का विषय है कि अनेक बार घोषणा करने के बावजूद भी इस वर्ग के लोगों के लिए विशेष भर्ती अभियान प्रारंभ नहीं किया गया, किसी भी संस्थान में, किसी भी बैंक में, किसी भी मंत्रालय और कार्यालय में प्रारंभ नहीं किया गया। इस कारण इस वर्ग के लोगों में भारी असंतोष है। अभी रेल मंत्री जी ने पिछले वर्ष के बजट में बैकलॉग को पूरा करने की घोषणा की थी लेकिन आज तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा कि व्यक्तिगत हस्तक्षेप करते हुए अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए विशेष चयन अभियान प्रारंभ किया जाए।

श्री मंगनी लाल मंडल (झंझारपुर): मैं इनकी बात से अपने को संबद्ध करता हूँ।

अध्यक्ष महोदया : आप उससे संबद्ध करना चाहते हैं तो अपना नाम पटल पर भेज दीजिए।

श्री वीरेन्द्र कश्यप, आपका नोटिस मेरे पास नहीं आया, फिर भी क्योंकि यह दलितों पर अत्याचार का मामला है, इसलिए मैं आपको अनुमति दे रही हूँ, किन्तु संक्षेप में इस पर बोलें।

श्री कमल किशोर कमांडो (बहराइच): महोदया, मैं श्री पुनिया जी के विचारों से अपने को संबद्ध करता हूँ।

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): महोदया, मैं श्री पुनिया जी द्वारा रखे गए मामले से अपने को संबद्ध करता हूँ।

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): महोदया, मैं श्री पुनिया जी द्वारा रखे गए मामले से अपने को संबद्ध करता हूँ।

_